हिंदी ऑनलाइन कक्षा

कक्षा - आठवीं

विषय – हिंदी (LOWER HINDI)
पाठ : १
पाठ का नाम : हम कुछ करके दिखलाएँगे
PPT-1

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

हम कुछ करके दिखलाएँगे

पाठ प्रवेश

हमारे आसपास बहुत से ऐसे लोग है , जिन्हें खाने को नहीं मिलता , पहनने को कपड़ा नहीं है , रहने को घर नहीं है । वे अपने जीवन से निराश हैं । इस कविता के माध्यम से कवि बच्चों में मानवीय गुण तथा निराश लोगों में आशा का दीपक जलाने की प्रेरणा दे रहें हैं । इस मानवीय मूल्यों को अपनाकर ही बच्चे महान बनेंगे , तभी देश का नाम भी ऊँचा होगा ।

संबंधित प्रश्न -

१. हमारे आसपास किस कि स प्रकार के लोग रहते हैं?
२. लोग निराश क्यों रहते हैं?
३. हम निराश लोगों के लिए क्या कर सकते हैं?
४. निराश लोगों में 'दीपक जलाने' की बात का क्या अर्थ है?
५. मानवीय मूल्यों को अपनाकर हम------------- का नाम ऊँचा कर सकते हैं।

सामान्य उद्देश्य -

*कविता के भाव को समझने के लिए छात्रों को तैयार करना ।
*छात्रों के शब्द भंडार को समृद्ध करना ।
*शब्दों का सही उच्चारण सिखाना ।
*लय और गति के साथ कविता वाचन सिखाना ।
*कविता के भावों को अपने शब्दों में लिखने की कला सिखाना ।

ODM EDUCATIONAL GROUP

विशिष्ट उद्देश्य -

*छात्रों को संवेदनशील बनने की प्रेरणा देना ।
*कविता के भावार्थ को समझ मानवीय मूल्यों को अपने व्यवहार में लाना ।
*असहाय लोगों की सदैव सहायता करने के लिए प्रेरित करना ।
*बच्चों को साहसी और धुन के पक्के बनने की प्रेरणा देना ।

ODM EDUCATIONAL GROUP

पाठ का सार

कवि रामनरेश त्रिपाठी जी ने कविता के माध्यम से बच्चों को महान कार्य करने की प्रेरणा दी है । बच्चों की रुचि और इच्छा कुछ अच्छा तथा महान कार्य करने की होनी चाहिए । बच्चों को अमर लोगों की सूची में नाम लिखवाने के लिए अनेक महान कार्य करने होंगे । जो लोग गरीब भिखारी हैं, जिनकी कोई भी सहायता नहीं करता , हम बच्चों को उनसे दोस्ती कर उनके जीवन को सुखी बनाना होगा । जो लोग निराश और हतोत्साहित हो गए हैं , बच्चे उनके जीवन में परिश्रम और उत्साह भरेंगे । उनका जीवन आशा से जगमगा उठेगा । बच्चे उन वीरों की संतान है , जो अपनी धुन के पक्के और सच्चे थे । बच्चे महान कार्य करके संसार में अपना नाम फैलाएँगे ।

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP